## बाघ का कहर: एक ही दिन में दो आदिवासी महिलाओं की मौत

**सिवनी, देशबन्धु।** दो अलग-अलग घटनाओं में दो आदिवासी महिलाओं की बाघ के हमले की मौत हो गई। एक ही दिन में हुई इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन वन विभाग पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं कर पाया। घटनाओं के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



ग्रामीणों में दहशत

**जंगल किनारे महिला पर अचानक हमला** – पहली घटना सिवनी दक्षिण वन मंडल के कुरई वन परिक्षेत्र अंतर्गत जिलापुर गांव की है। जानकारी के अनुसार शांति बाई कुमरे जंगल से लगे क्षेत्र में मौजूद थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि महिला को संभलने का मौका तक नहीं मिला और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

**खेत में काम कर रही महिला को भी बनाया शिकार** – दूसरी घटना वन विकास निगम के बरघाट प्रोजेक्ट अंतर्गत बीजा टोला गांव में हुई। यहां शिववती मार्सकोले खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों को जब तक घटना की जानकारी लगी, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब खेतों में काम करने और जंगल से लगे इलाकों में जाने से भी डर लगने लगा है।

**वन विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा** – लगातार दो महिलाओं की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा वन विभाग पर फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बाघों की मौजूदगी और गतिविधियों की जानकारी विभाग को पहले से थी, इसके बावजूद सुरक्षा और निगरानी के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए। ग्रामीणों ने मांग की है कि बाघ की लगातार निगरानी की जाए, संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं।

**विभाग ने जारी किया अलर्ट** – घटनाओं की जानकारी मिलते ही वन विभाग और वन विकास निगम का अमला दोनों स्थानों पर पहुंचा। अधिकारियों ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

वन विभाग ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी करते हुए लोगों से जंगल और उससे लगे क्षेत्रों में अकेले न जाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

एक ही दिन में दो महिलाओं की मौत ने सिवनी जिले में मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर स्थिति को फिर उजागर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

## युवक को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

**सिवनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रणधीर नगर के पास रविवार देर रात सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे शख्स को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

घायल की पहचान सोमनाथ अहिरवार 40 वर्ष के रूप में हुई है। बताया गया है कि रविवार रात वह किसी काम से जा रहे थे और रणधीर नगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

**युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई** – हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को संभाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सिवनी रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है और पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### सार-समाचार

## भव्य निशान एवं कलश यात्रा आज, नगर भ्रमण के साथ होगा श्याम भक्तों का महासंगम

**सिवनी, देशबन्धु।** श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 16 जून को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 8 बजे गणेश-गौरी पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे अन्नाधिवास, 11 बजे फलाधिवास एवं दोपहर 2 बजे हवन पूजन संपन्न होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर 4 बजे निकलने वाली भव्य कलश एवं निशान यात्रा रहेगी। यह यात्रा श्रीराम मंदिर शुक्रवारी से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, ऑरेंज सिटी कॉलोनी, नागपुर रोड तक पहुंचेगी। यात्रा में बाबा श्याम की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे, ढोल तथा सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर बाबा श्याम के जयकारे लगाएंगे। सायं 6:30 बजे रेशमाधिवास एवं रात्रि 7 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक श्री बंटू भैया जी नजफगड दिल्ली एवं श्री श्याम शुभम जी नागपुर अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार एवं विशेष श्याम रसोई की व्यवस्था भी रहेगी। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण 'बाबा का खजाना' भी रखा गया है, जिसके अंतर्गत निशान एवं कलश यात्रा में सहभागी भक्तों में से 11 भाग्यशाली श्रद्धालुओं को बाबा का खजाना इनामी कूपन के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। श्री श्याम परिवार समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## जनसुनवाई : कलेक्टर कुरई में सुनेंगी आमजन की समस्याएं

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार, 16 जून को कुरई विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनेंगी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगी। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

## पूर्व पार्षद आशा शुक्ला का निधन

**नैनपुर, देशबन्धु।** समाज सेवी भाजपा नेता अखिलेश शुक्ल विकास शुक्ल की माताश्री पूर्व पार्षद आशा शुक्ला का लंबी बीमारी के चलते गत दिवस दुखद निधन हो गया। श्रीमती शुक्ला के निधन पर बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों के अलावा पत्रकारों, भाजपा के संगठन पदाधिकारी, सांसद श्री कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

## कुरई एवं सिवनी में जनकल्याण शिविर का आयोजन आज

**सिवनी, देशबन्धु ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 जून से विकासखण्डवार जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को लाभांवित करने की कार्यवाही की जा रही है। जनकल्याण शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार 15 जून से छपारा एवं धनौरा विकासखण्ड में जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 जून से कुरई एवं सिवनी विकासखंड मुख्यालयों में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में आयोजित ये शिविर 18 जून तक संचालित रहेंगे। संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित होने वाले इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, खाद्य, श्रम तथा अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। पात्र नागरिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ-साथ लंबित प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जाए।

## प्रियंका खेमरिया ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी द्वारा संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मध्य प्रदेश की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा की सरपंच प्रतिनिधि श्रीमती प्रियंका खेमरिया को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। अपने सहज सरल व्यवहार और मिलनसारिता की प्रकाश पुंज श्रीमति खेमरिया अपने शानदार स्वभाव और कुशलता तथा कार्य करवाने के प्रति लगनशीलता की धनी हैं।



जारी मनोनयन पत्र के अनुसार श्रीमती प्रियंका खेमरिया को उनके सामाजिक सरोकारों में सक्रिय योगदान, संगठनात्मक क्षमता, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती खेमरिया संगठन की नीतियों, उद्देश्यों एवं विचारधारा को देशभर में प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साथ ही वे पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा, ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर कार्य करेंगी।

श्रीमती प्रियंका खेमरिया वर्तमान में ग्राम गोटेगांव खेड़ा, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) की निवासी हैं तथा ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, शिक्षा एवं जनभागीदारी आधारित विकास कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। अपनी नियुक्ति पर श्रीमती प्रियंका खेमरिया ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के संविधान, नियमों एवं मूल्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करेंगी। ग्रामीण विकास, पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेंगी।

उनकी इस नियुक्ति पर संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों सहित सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## अंधेरे के साए में नगर विभाग उदासीन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिनों से देखा जा रहा है कि गोटेगांव नगर में और विभिन्न मोहल्ले में सड़कों की लाइट बंद रहने से अंधकार बना रहता है जैसे मुख्य मार्ग से स्टेशन रोड, रिपटा रोड फुहारा चौक से सभी तरह की सड़कों की लाइट बंद रहती है जिससे चोर उचक्कों को बल मिलता है। संबंधित विभाग उदासीन बना हुआ है।

जब शहर में कोई अनहोनी घटना घटित हो जाती है तो फिर लापरवाह विभाग आनन-फानन में अपनी गलतियां छुपाने में देर नहीं करता और सड़कों की लाइट चालू कर देता है अभी कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शहर में सड़कों की लाइट बंद कर निवासियों को अंधेरे में रखा जा रहा है। बरसात का मौसम चालू हो चुका है। ऐसे में पानी से संबंधित जीव जंतु सर्प इत्यादि लोगों के घरों में घुसते है।

यदि सड़कों की लाइट जलती रहे तो इस प्रकाश में ये जीव जंतु जनता को दिखते भी हैं जिससे जनता अपना बचाव कर सकती है। नगर में ऐसा विगत दो तीन दिन से लगातार देखा जा रहा है रात्रि में सड़कों की की लाइट बंद रहती है जिसे देखने सुनने वाला और इस पर गौर करने वाला कोई नहीं है ये किसी जनप्रतिनिधि को भी नहीं दिखती कि हमारा शहर अंधकार के साए में हैं। आखिर माजरा क्या है। शासन और जवाबदार अधिकारी इस ओर ध्यान दें।

## आज से शुरू होगा 'स्कूल चलें हम' अभियान का द्वितीय चरण, 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षाएं भी होंगी प्रारंभ

**सिवनी, देशबन्धु ।** सभी शासकीय विद्यालयों में मंगलवार 16 जून से शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पुनः संचालन शुरू होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार 16 जून से 30 जून तक 'स्कूल चलें हम' अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन पुनः किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा।

अभियान के तहत विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने, सभी बच्चों को समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण करने तथा पात्र विद्यार्थियों के लिए गणवेश एवं साइकिल वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इसके अलावा मिशन अंकुर के अंतर्गत विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों के विद्यालयों के साथ को-लोकेशन का निर्धारण, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, बालिका शौचालयों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने सहित विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली बालसभा एवं पालक-शिक्षक संघ की बैठकों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी।

इसी क्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की पुनः परीक्षाएं भी 16 जून से प्रारंभ होंगी। जिले में पुनः परीक्षा के लिए कुल 72 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें कक्षा 5वीं के 2,056 तथा कक्षा 8वीं के 2,880 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

समस्त संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि पात्र विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सुनिश्चित करें। परीक्षाओं एवं अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए जनशिक्षक, बीएसी, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, बीआरसीसी एवं एपीसी द्वारा विद्यालयों का सतत निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग की जाएगी।

## दैनिक राशिफल

### मंगलवार 16 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र- आद्रा

मेष – आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे।

वृषभ – हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे।

मिथुन – आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे-सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क – परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है।

सिंह – आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या – नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

तुला – बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक – आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

धनु – आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे।

मकर – आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे।

कुंभ – आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मीन – आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

0,3,4,8,01,34,40,88,00,46,66,25

## ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन की उल्लेखनीय उपलब्धि, 133 दुर्लभ पाण्डुलिपियों को चिन्हित कर किया गया डिजिटाइजेशन

**सिवनी, देशबन्धु ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन' के अंतर्गत सिवनी जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण एवं संरक्षण अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक धरोहरों को खोजने और संरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान को प्रारंभिक चरण में ही उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

जिला प्रशासन सिवनी एवं जिला पुरातत्व संग्रहालय के संयुक्त प्रयासों से अब तक जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मंदिरों एवं निजी संग्रहों से कुल 133 प्राचीन पाण्डुलिपियों को चिन्हित कर सफलतापूर्वक 'ज्ञान भारतम एप' पर अपलोड किया जा चुका है। इन पाण्डुलिपियों में लगभग 150 से 250 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पोथियाँ, पुराण, धार्मिक ग्रंथ तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। इन पाण्डुलिपियों का डिजिटलीकरण होने से न केवल उनकी मूल सामग्री सुरक्षित रह सकेगी, बल्कि शोध, अध्ययन एवं भावी पीढ़ियों के लिए भी ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत उपलब्ध होगा। जिले में अब तक चिन्हित पाण्डुलिपियों में दिगम्बर जैन मंदिर सिवनी से 70, दिगम्बर जैन मंदिर छपारा से 43, दिगम्बर जैन मंदिर लखनादौन से 14 जैन धर्म संबंधली पाण्डुलिपी प्राप्त हुई है। इसी तरह ग्राम गोहना से 1 कुरान की आयतें तथा डूंडासिवनी के निजी संग्रह से 5 रामचरित मानस की चौपाई की पाण्डुलिपी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 133 पाण्डुलिपियों को जिला पुरातत्व संग्रहालय सिवनी द्वारा डिजिटल संरक्षण की प्रक्रिया से जोड़ा गया है।



कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में गठित सर्वेक्षण दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर संपर्क, सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के दौरान एडवोकेट इकबाल मोहम्मद खान, सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री डी.एस. श्रीवास्तव, ग्राम गोहना के श्री साहेब मोहम्मद खान सहित विभिन्न जैन मंदिरों के पदाधिकारियों एवं निजी संग्राहकों से संपर्क स्थापित कर पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने बताया कि सिवनी जिले की छिपी हुई ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को खोजकर संरक्षित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नगर एवं गाँव में विशेष सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्राचीन गढ़ियों, मठों, मंदिरों, धार्मिक संस्थानों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्रहों में सुरक्षित पाण्डुलिपियों की पहचान कर उन्हें 'ज्ञान भारतम एप' पर पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रदेश के सभी जिलों को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर सांस्कृतिक एवं बौद्धिक धरोहरों के संरक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सिवनी जिले में भी अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि अनेक परिवारों एवं संस्थाओं के पास पीढ़ियों से सुरक्षित हस्तलिखित दस्तावेज, पुराने पत्राचार, जिले में धार्मिक ग्रंथ, वंशावली अभिलेख, साहित्यिक रचनाएँ, राजकीय आदेश, ऐतिहासिक दस्तावेज एवं अन्य पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हो सकती हैं, जिनका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। जानकारी के अभाव में ऐसे बहुमूल्य दस्तावेज समय के साथ नष्ट होने की स्थिति में पहुँच जाते हैं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि उनके घर, परिवार, संस्था अथवा निजी संग्रह में 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी कोई हस्तलिखित पाण्डुलिपि, अभिलेख, पत्राचार, साहित्यिक ग्रंथ या अन्य ऐतिहासिक दस्तावेज उपलब्ध हैं, तो उनकी जानकारी जिला प्रशासन को अवश्य दें।

नागरिक स्वयं 'ज्ञान भारतम एप' के माध्यम से अपनी पाण्डुलिपियों का पंजीकरण कर सकते हैं अथवा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7000478932 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पाण्डुलिपियों का डिजिटल संरक्षण और दस्तावेजीकरण करना है। मूल पाण्डुलिपियाँ संबंधित व्यक्ति, परिवार या संस्था के पास ही सुरक्षित रहेंगी।